SarkariDeals.com

Owner Sandeep Bad Experience with Vodafone Post-paid

वोडाफोन के साथ मेरा ख़राब अनुभव

सुनने में तो ये बहुत ही शानदार सर्विस देती है, लेकिन जब आप इसका उपयोग करोगे तो ही आप अनुभव ले पाओगे क्योंकि जरुरी नही की ये सब के साथ हो| कई बार किन्ही स्पेशल के साथ में लगाव हो जाता है|

Vodafone का मैं प्रीपेड यूजर था, मैंने पोस्टपेड सर्विस देखी तो मेरको पसंद आई क्योंकि इन्टरनेट ब्राउज़िंग, डाउनलोडिंग, उप्लोअडिंग अच्छा मिला तो मैंने भी सोचा की क्यों ना खुद का वोडाफोन प्रीपेड नंबर पोस्टपेड में अपग्रेड करवाया जाये! मैं बता दू की मैं ग्रामीण एरिया में रहता हूँ तो ग्रामीण एरिया में इन्टरनेट से बड़ी समस्या आपके लिए कुछ नही होगी, तो सोचा की अनलिमिटेड डाटा और प्राथमिकता से सर्विस देने वाली सर्विस पोस्टपेड में जाया जाये| आख़िरकार एक दिन मेरा किसी काम से श्री गंगानगर जाना हुआ तो वोडाफोन स्टोर पर गया और 20 अगस्त के दिन मैंने अपना नंबर वोडाफोन पोस्टपेड में अपग्रेड कर दिया!

अब शुरू हुआ समस्यों का पिटारा- वोडाफोन पोस्टपेड में जो कही स्पीड चाहे वह डाउनलोडिंग हो या फिर ब्राउज़िंग नही मिला तो मैंने वापस स्टोर में फोन किया तो स्टोर वाले भाई साहब बोले की कम से कम 2 3 दिन लगेंगे पूर्णत एक्टिव होने में! (क्यों? क्या मेरे चोट लगी है जो मैं धीरे धीरे रिकवर होऊंगा?) फिर मैं वापस घर यानि गावं में आया तो डाउनलोडिंग स्पीड देख के मेरा मन तो बाग़ बाग़ हो गया की चलो पैसे की वसूली हो जाएगी लेकिन मुझे क्या पता था की पैसे की चपत होने वाली है यहाँ तो!

फिर शुरुआत हुई जब मन किया बीच में इन्टरनेट बंद होने का तो मैंने फोन को रिसेट करके कोशिश करी, की कही इसकी दिक्कत न हो उसके बाद में भी वही दिक्कत इन्टरनेट ब्राउज़िंग करते हुए पता नही कब इन्टरनेट बंद हो जाये डाउनलोडिंग स्पीड तो अब भी अछि थी लेकिन बीच में बंद होने वाली समस्या मेरे लिए बहुत ही दुखनीय थी क्योंकि पता नही कब इन्टरनेट चलना शुरू होगा?

SarkariDeals.com

Owner Sandeep Bad Experience with Vodafone Post-paid



फिर ट्विटर के माध्यम से शिकायत करी तो उन्होंने अगले ही दिन मेरको मेसेज डाल दिया की आपकी समस्या का समाधान हो गया है| एक बार फिर मैंने ट्विटर का सहारा लिया और एक और तवीत किया पुनः फिर शिकायत दर्ज करी गयी और वही हुआ अगले दिन समस्या का समाधान हो गया है इसका मेसेज आ गया ना कोई फ़ोन और ना कोई संदेश से अच्छा रिप्लाई| फिर मैंने 199 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करवाई तो मैडम को मेरे मोटोरोला का मॉडल नम्बर ही नही मिला और निराशा मिली|

फिर मैं पूरी तरह निराश हो गया और फिर लगा ट्विटर पर तवीत करने ताकि समाधान मिल सके लेकिन उनकी तरफ से कोई रिप्लाई नही जो मुझे संतुस्ट कर सके| एक और नयी शिकायत ट्विटर टीम के द्वारा लिखी गई और फिर उसके लिए मेरे पास कॉल आया तो उन भाई साहब ने तो बीच में ही कॉल काट दिया|

SarkariDeals.com

Owner Sandeep Bad Experience with Vodafone Post-paid

इस बीच में मैंने वोडाफोन को एक पोर्ट का मेसेज करा तो इस कंपनी से मुझे दिन भर में कोई फ़ोन आये है वो आप निचे फोटो में देख सकते है ये मल्टी नेशनल कंपनी अपने पोस्टपेड ग्राहक से कैसे व्यवहार कर रही है?



फिर मुझे सलाह मिली की आप पोस्टपेड से प्रीपेड में आ जाओ लेकिन मैंने श्री गंगानगर के स्टोर पर कॉल किया और अपनी समस्या बताई तो उन्होंने सलाह दी की आप सिम रिप्लेस करवा लो और आपका समाधान हो जायेगा तो मैंने कहा जी ठीक है तो हनुमानगढ़ जो करीब मेरे से 50 किलोमीटर दूर है पोस्टपेड को प्रीपेड में कन्वर्ट करवाने या फिर सिम रिप्लेस करवाने के लिए रवाना हुआ| वहां जाकर भी आपको ये पता चले की सिम रिप्लेस से 1% भी फरक नही पड़ता तो आपका 50 किलोमीटर दूर चलके आना निरार्थक लगता है क्योंकि एक वोडाफोन स्टोर वाले साहब बोलते है की आप सिम रिप्लेस करवाओ आपकी समस्या का समाधान और दुसरे बोलते है की कुछ फर्क नही पड़ता|

मैंने उन्हें कहा की आप मेरी पोस्टपेड को प्रीपेड में कर दो तो फिर वो बोलते है की आप 90 दिन वोडाफोन पोस्टपेड से कही बाहर नही जा सकते है और अगर आपको वोडाफोन पोस्टपेड से प्रीपेड में जाना है तो आप हनुमानगढ़ नही श्री गंगानगर स्टोर पर जाये क्योंकि हम भी खुद वहा से करवाते है| अब स्टोर वाले ही ऐसी बाते करे तो बड़ा दुःख होता है क्योंकि वो अपने ही दोस्त को बचाने के लिए कुछ भी कर सकते है [देख रहे हो संघटन में शक्ति]

आख़िरकार मैंने अंतिम रास्ता अपनाया और राजस्थान के वोडाफोन और आईडिया की अपील औथिरटी को एक ईमेल किया (जिसका जवाब इस पोस्ट को लिखने तक नही आया), और कंज्यूमर कोर्ट में शिकायत करी तो उनका जवाब आया की पहले बिल के बाद में आप अपना नंबर माइग्रेट अर्थात पोस्टपेड से प्रीपेड करवा सकते है, तो मैं श्री गंगानगर स्टोर वापस गया, तो वहां बेठे श्रीमान ने बोला की आपके नंबर को तो एक्टिवेट हुए सिर्फ 30 दिन हुए है तो आपका नम्बर माइग्रेट नही हो सकता और आपको कम से कम 90 दिन का इंतज़ार करना पड़ेगा, फिर मैंने भाई साहब को कंज्यूमर कोर्ट में करी शिकायत दिखाई और अपनी बात पर अड़ा रहा, और पुलिस में शिकायत करने की धमकी दी तो भाई साहब ने फॉर्म लिया और अंतत नंबर माइग्रेट हुआ|

इस सब समस्या में मेरा बहुत समय बर्बाद हुआ क्योंकि मैंने अपना खुद का पर्सनल नम्बर अपग्रेड किया जो मेरी सबसे बड़ी गलती रही [अगर आप किसी चीज़ को पहली बार कोशिश कर रहे है तो विकल्प के रूप में उपयोग करे]| सिर्फ 30 दिन का मैंने 903 रूपये का भुगतान किया और जो मानसिक परेशानी हुई वो अलग|

ध्यान देने योग्य बाते-

1. आप सबसे पहले अगर किसी भी कम्पनी के कनेक्शन को ले रहे है उससे सम्बंधित सभी जानकारी लिखित रूप में हासिल कर ले ताकि आपको भविष्य में ऐसी दिक्कत का सामना न करना पड़े| और शिकायत करने में आसानी हो|
2. स्टोर पर काम करने वाले व्यक्ति पर कभी भी पूर्णत विश्वास न करे क्योंकि उसे आपसे पैसे कमाने है आपको सर्विस के नाम पर कुछ भी चेप सकता है| और सर्विस लेते समय ध्यान दे की कंपनी की वेबसाइट पर उस सम्बन्ध में क्या क्या लिखा है? वह आवशक रूप से पढ़ ले क्योंकि वह बहुत ही महत्वपूर्ण है|

SarkariDeals.com

Owner Sandeep Bad Experience with Vodafone Post-paid

अगर आप किसी भी कंपनी की सुविधा से परेशान है, और कंपनी का ग्राहक सेवा केंदर आपकी सुन नही रहा है या समस्या का समाधान नही कर रहा है तो आप सबसे पहले उनकी अपील औथिरटी को ईमेल (जानकारी वेबसाइट से ले सकते है) करके अपनी समस्या का समाधान करने के लिए कहे अगर आपको वहां से कोई समाधान न मिले तो आप उसके लिए इसकी शिकायत कन्जूमर कोर्ट में करके जल्द से जल्द समाधान प्राप्त कर सकते है|